तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षक भर्ती कैम्पस का आयोजन



## खबर संक्षेप

### स्वाइन फीवर नियंत्रण टीकाकरण 30 तक



**बैकुण्ठपुर।** पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक ने बताया कि जिले के समस्त सूकर पालकों को होने वाले पशुधन की क्षति के बचाव के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा क्लासिकल स्वाईन फिवर नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च तक किया जा रहा है। इसके तहत सूकर पालकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपने सूकरों में अधिक से अधिक संख्या में स्वाइन फिवर का टीकाकरण एवं टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत कराएं एवं टीकाकरण में सावधानी बरतें। विदित हो कि टीकाकरण के पूर्व कृमिनाशक दवापन कराना आवश्यक है। 3 माह के उपर के सूकरों को टीकाकरण अवश्य कराएं साथ ही बीमार या पूर्व से ग्रसित बीमार सूकरों को टीका न लगवाएं। गर्भावस्था के अंतिम चरण यानी आखिर 40 दिनों के दौरान में मादा सूकरों का टीकाकरण न करवाएं तथा कुपोषित, त्वजा रोग से ग्रसित और परजीवी से ग्रसित सूकरों का टीकाकरण न करवाएं।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव की कवायद शुरु

**मनेन्द्रगढ़।** अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के चुनाव अधिकारी मनोज त्रिपाठी अधिवक्ता द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित करते हुए संघ के चुनाव की जानकारी दी है। 9 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची पर आपत्ति, 12 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। वहीं 15 अप्रैल को नामांकन फार्म जमा होगा। 18 अप्रैल नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 19 अप्रैल को नामांकन फार्म की जांच एवं अभ्यर्थी के नामो का प्रकाशन, 22 अप्रैल को नाम वापसी एवं इसी दिन अभ्यर्थी के नामो का अंतिम प्रकाशन होगा। 30 अप्रैल को मतदान एवं उसी तिथि को मतगणना एवं परिणाम घोषित होगा। चुनाव अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने समस्त अधिवक्ताओं, अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के सदस्यों को उक्त कार्यक्रम में भाग लेने एवं उचित सहयोग की अपेक्षा की है।

### नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मणीपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में नशीले इंजेक्शन व प्रतिबंधित सिरप के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा स्कूटी से घूम कर ग्राहक की तलाश कर रहे दर्रीपारा निवासी पप्पू साहू को हिरासत में लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के पास से स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 15 डीएम 2946 से 7 नग एम्पुल ब्यूरोनार्फिन इंजेक्शन एवं 7 नग कोडिन फास्पेड सिरप बरामद किया है जिसकी बाजार में कीमत 49 सौ रुपए है।

### कटार लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मणीपुर पुलिस ने धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणीपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सांड़बार नाका के समीप एक युवक धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सांड़बार निवासी 19 वर्षीय अंशु सोनवानी आ. इंदर सोनवानी को हिरासत में लेकर उसके पास से कटार बरामद किया। पुलिस ने खुलेआम हथियार लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले अंशु सोनवानी को 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## सोनहत के नौगई के आश्रित ग्राम आनंदपुर का मामला

# पेयजल संकट से जूझ रहा पण्डो परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट शुरू हो जाता है। लोगों को पेयजल के लिए प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है। केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में लोगों के घरों तक पेयजल सप्लाई के लिए करोड़ों रूपए पानी के लिए पानी की तरह बहा दिया गया, बावजूद इसके अब तक लोगों को उक्त योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जल जीवन मिशन का कार्य मार्च 2024 तक पूरा कर लिया जाना है, लेकिन कोरिया जिले में आज भी कई पंचायत क्षेत्रों में जल जीवन मिशन का कार्य आधा-अधूरा पड़ा हुआ है, ऐसे इस बार की गर्मी में फिर जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

पानी के लिए करोड़ो रूपए खर्च करने के बाद भी लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ सकता है। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के शुरूआत से ही पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, ऐसे क्षेत्रों में भीषण गर्मी में और भी ज्यादा पेयजल संकट गहरा सकता है। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं, जहां आज भी अनेक परिवार परंपरागत ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर हैं। इनमें से ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र हैं, जो एसईसीएल खनन के प्रभावित क्षेत्र में आते हैं, ऐसे क्षेत्रों में भी पेयजल की संपूर्ण व्यवस्था नहीं हो पाई है।



पानी की समस्या से जूझते ग्रामीण।

### पंडों पी रहे ढोढ़ी का पानी

सरकार द्वारा संरक्षित जनजातियों के विकास के लिए प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों रूपए का बजट सरकार द्वारा प्रदान की जाती है, ताकि उनका विकास हो सके और उनकों मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा सके, बावजूद इसके विशेष पिछड़ी जनजाति पंडों परिवार को आज भी ढोढ़ी का पानी पीने की विवशता है। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के जनपद सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगई के आश्रित ग्राम आनंदपुर जहां विशेष पिछड़ी जनजाति पंडों परिवार की बहुलता है। जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदपुर में रहने वाले पंडो परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है, जिसके आनंदपुर के पंडो परिवार खेत में बने ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर है। बताया जाता है कि भीषण गर्मी के दौरान ढोढ़ी भी सूखने लगता है, ऐसे में पंडो परिवारों को पेयजल के लिए जुझना पड़ता है।

### पानी के लिए करोड़ों खर्च फिर भी सूखा

केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के घर-घर पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार कार्य तथा लोगों के घरों तक नल के स्टैंड लगाए गए हैं। इस कार्य के लिए जिलेभर में करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए हैं, इसके बावजूद जिले के कई पंचायतों में लोगों को जल जीवन मिशन योजना का लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। अनेक पंचायतों में कार्य आधे-अधूरे पड़े हुए हैं, जहां कार्य पूर्ण भी कर लिया गया है, वहां कई खामियों के कारण लोगों के घरों तक पेयजल ही नहीं पहुंच रहा है, जिसके कारण लोग अपने हाल पर ही पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं, इस कारण कई ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है। यहां तक की जल क्रांति अभियान ग्राम में भी लोगों को गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। इसी तरह का हाल सोनहत जनपद के आदर्श व जल क्रांति अभियान ग्राम कटगोड़ी का भी है।

### खनन प्रभावित क्षेत्र होने के बाद भी सुविधा नहीं

जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदपुर कटगोड़ी एसईसीएल क्षेत्र के खनन प्रभावित एरिया में आता है, बावजूद इसके अब तक एसईसीएल के द्वारा भी इस गांव के पंडो परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई, जबकि एसईसीएल के द्वारा प्रतिवर्ष सीएसआर मद से लाखों करोड़ों रूपए खर्च किए जाते हैं, इसके बावजूद खनन प्रभावित क्षेत्र व पंडो बाहुल्य गांव आनंदपुर में न तो जिला प्रशासन के द्वारा और न ही एसईसीएल के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिसके कारण पंडो परिवारों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है और गर्मी के दिनों में पेयजल के भारी संकट का सामना करना पड़ता है।

# कुड़ेली-डुमरिया बॉर्डर चेक पोस्ट पहुंचे एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी चेकिंग के लिए बॉर्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में कोरिया पुलिस द्वारा चेक पोस्ट की व्यवस्था कुल 7 जगहों पर की गई है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार बॉर्डर चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का आंकलन करने एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की सतर्कता जांचने स्वयं मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किए।

- 24 घंटा तैनात रहेगी पुलिस

पुलिस अधीक्षक श्री परिहार द्वारा कुड़ेली एवं डुमरिया बॉर्डर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आदर्श आचार संहिता के दौरान सुरक्षा जांच में बरते जाने वाली आवश्यक सावधानियों सहित चेक पोस्ट में सुरक्षा जांच के दौरान अन्य प्रांतों एवं जिलों से आने वाले वाहनों का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं पहचान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों को रोकने सख्त निर्देश दिए गए हैं, इसके अतिरिक्त दीगर क्षेत्रों से जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करने के हिदायत दी गई है। एसपी द्वारा चेक पोस्ट ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क रहकर सुरक्षा जांच करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं एवं स्पष्ट हिदायत दी गई है कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। चेक पोस्ट में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को आम नागरिकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने को भी कहा गया है। चेक पोस्ट में आधारभूत व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि संबंधित तहसीलदार और सीईओ जनपद से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पानी, बिजली, टेंट, बिस्तर, लाइट इत्यादि नाकों को उपलब्ध कराएं। आरआई को भी पर्याप्त स्टॉपर, ड्रम, स्टॉप गेट, जिगजैग सर्च लाइट, वाकी टाकी उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है।



चेक पोस्ट का निरीक्षण करते एसपी श्री परिहार।

# पिता का हत्यारा निकला कुलयुगी पुत्र, गिरफ्तार

**जनकपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम भगवानपुर में गुरूवार को मिले अधेड़ के शव का पुलिस जांच में उसका पुत्र ही हत्यारा निकला।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 21 मार्च को मृतक श्यामलाल बैगा का पुत्र अजय कुमार बैगा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम भगवानपुर ने जनकपुर थाना में उपस्थित होकर प्रथम सूचना पत्र एवं मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पिता श्यामलाल बैगा 20 मार्च को सुबह लगभग 7 बजे घर से निकला था, जिसका 21 मार्च को खून से लतपत हालत में शव मिला है, जिसके सिर कनपटी कलाई पीठ में चोट के निशान हैं। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दिया गया है। रिपोर्ट पर जनकपुर थाना में मर्ग क्रमांक 17/2024 धारा 174 जा.फौ. एवं अपराध क्रमांक 62/2024 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना जांच पंचनामा में लिया गया। घटना स्थल पर मिले साक्ष्य एवं प्रार्थी तथा प्रार्थी के पत्नी एवं प्रार्थी की मां के बातों पर विरोधाभास पाए जाने से स्वतंत्र साक्षीगण एवं मुखबीरों से प्राप्त सूचना पर प्रार्थी द्वारा ही घटना घटित किए जाने की प्रबल संभवना होने से संदेही प्रार्थी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। मृतक श्यामलाल द्वारा प्रार्थी के पत्नी तेरासिया को गाली-गलौज करने पर मना करने से मृतक श्यामलाल प्रार्थी को जलती आग के लकड़ी के टुकड़े से मार दिया, इस पर गुस्सा कर प्रार्थी ने उसी लकड़ी के टुकड़े एवं पत्थर की सिलौटी से मारपीट कर श्यामलाल की हत्या कर दिया तथा साक्ष्य छुपाने के लिए अपनी पत्नी की मदद से शव को घर के बाहर जंगल तरफ फेंका एवं प्रार्थी की पत्नी घटना स्थल पर पड़े खून को छुपाने के लिए गोबर से पोताई कर दी थी, जो मामले में धारा 201, 34 भादवि का अपराध पाए जाने से उक्त धारा जोड़ते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले के खुलासा में थाना प्रभारी जनकपुर उप निरीक्षक ओपी दुबे, सहायक उप निरीक्षक राममिलन मिश्रा, प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र सिंह, आरक्षक मदन राजवाड़े, संजय सिंह, दीपक मिंज की भूमिका रही।



गिरफ्तार आरोपी।

# होली में पलास की बिखर रही लालिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों एवं जंगलों में पतझड़ का मौसम के चलते पेड़ों से पत्तियां पीले होकर गिर रहे हैं और हरियाली कम ही दिखाई पड़ रही है। ऐसे समय में टिशु के फूल की लालिमा लोगों की नजरों को अपनी ओर बरबस ही आकर्षित कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि होली के पूर्व पलास के पेड़ों पर लाल फूल लद जाते हैं, जिसका खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में एक क्षेत्र में कई पलास के पेड़ स्थित हैं और प्रत्येक पलास का पेड़ लाल फूलों से लदा हुआ है। पलास फूलों की लालिमा लोगों की नजर को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, जो पतझड़ के इस मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों एवं वन क्षेत्रों में दहकते अंगारे की तरह दिखाई देते हैं। इस दौरान पलास के फूलों की सुंदरता देखते ही बनती है। उल्लेखनीय है कि पलास के फूलों से पहले प्राकृतिक रंग भी तैयार किया जाता था और इसी तरह से बनाए प्राकृतिक रंगों से होली खेली जाती थी, इससे किसी तरह का नुकसान भी शरीर को नहीं पहुंचता और आसानी से होली खेलने के बाद धुल जाता था, लेकिन अब धीरे-धीरे प्राकृतिक रूप से पलास के फूलों से रंग नहीं तैयार किया जाता। वर्तमान में तरह-तरह के रंग-गुलाल बाजार में बिकते हैं, इनमें हमारे शरीर के लिए खतरनाक तत्व भी शामिल रहते हैं, इससे शरीर को नुकसान होने की संभावना रहती है।

# अव्यवस्थाः वितरण मशीन में आई खराबी, 500 ग्रामीण राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

शासकीय राशन दुकान के वितरण मशीन में खराबी आ जाने के कारण फरवरी माह का लगभग 500 ग्रामीण राशन से वंचित रह गए।

मामला एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत नेरुवा का है। यहां संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में देरी से राशन पहुंचा। खाद्यान्न पहुंचने पर संचालक ने राशन का वितरण प्रारंभ किया ही था कि अचानक ईपास मशीन में खराबी आ गई, इससे ग्राम पंचायत नेरुवा के लगभग 500 हितग्राहियों को माह फरवरी का खाद्यान्न नहीं मिल पाया है। इधर ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान नेरुवा के संचालक पर आरोप लगाते हुए बताया कि संचालक हम गरीबों के हक में डांका डालने का काम किया है, जिसके कारण हम राशनकार्डधारी आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। हम सभी ग्रामीण इस माह बाजार से व्यापारियों के यहां से 25 रुपए किलो चावल खरीद कर खाने को विवश हुए हैं।

### मशीन में आई है खराबी

सभी को पूरा खाद्यान्न मिलेगा, ईपास मशीन में खराबी आने से वितरण नहीं हो पाया है।

-भूपेन्द्र राज
खाद्य निरीक्षक जनकपुर

# सौहार्द्रपूर्ण और आपसी भाईचारे से मनाएं होली



आयोजित शांति समिति की बैठक।

**बैकुण्ठपुर।** होली, रमजान, ईद और गुड फ्राइडे पर्व के मद्देनजर जिलेभर के सभी थाना एवं चौकियों में 21 मार्च को शांति समितियों की बैठक के लिए कोरिया पुलिस कप्तान सूरज सिंह परिहार ने निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित शांति समिति की बैठकों का मुख्य उद्देश्य आने वाले दिनों के त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों को लेकर की गई थी। इसमें सभी थाना के जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों से इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए गए।

- जिलेभर के थाना एवं चौकी में शांति समिति की बैठक

शांति समिति की इन बैठकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन कर होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान दुपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कहा गया कि होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगाएं, ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का प्रयोग न करें, हुड़दंग, मारपीट, गाली-गलौज, शोर शराबा न करें, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें, शहर, गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुड़दंग न करें एवं परिवर्तित दुपहिया वाहन साइलेंसर तेज आवाज निकलने वाले फटाके की तरह का प्रयोग न करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं चल रही है, साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के न किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर धीमे आवाज में बजाया जाए। शांति समिति की इन बैठकों में उपस्थित लोगों से कहा गया कि उक्त पर्व में सभी यातायात नियमों का पालन करें।

## होलिका दहन कल, तैयारियां पूरी, 25 को मनाई जाएगी होली

# रंग गुलाल, पिचकारी, मुखौटों से बाजार में बढ़ी चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रंगों का पर्व होली करीब आ गई है। 24 मार्च को जिलेभर में होलिका दहन की जाएगी, इसके अगले दिन 25 मार्च को उल्लास के साथ रंग गुलाल उड़ाए जाएंगे, वहीं होली के त्यौहार को लेकर रंगों का बाजार भी गुलजार हो गया है।

शहर के कुमार चौक, नगर पालिका कार्यालय परिसर पर मुख्य मार्ग किनारे सहित शहर के कई अन्य जगहों पर रंग-गुलाल की अस्थाई दुकानें लगाई गई है, जहां से आज व कल जमकर रंग-गुलाल बिकने की उम्मीद है। कोरोना काल के बाद इस बार निश्चित होकर लोग होली मनाएंगे, इसके लिए तैयारियां की जा रही है। आगामी 25 मार्च को होली का पर्व को देखते हुए अब सिर्फ दो दिन का ही समय शेष बचा है, ऐसे में अब बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। आज व कल रंगों के बाजार में जमकर खरीदी होने की उम्मीद व्यापारियों को है। शनिवार को शहर में गुमाश्ता एक्ट प्रभावी रहता है, लेकिन रंगों के बाजार में इसका कोई असर नहीं होने वाला है, क्योंकि होली के लिए दो दिन ही समय बचा है और इन दो दिनों में ही रंगों का व्यापार जमकर होने की उम्मीद है। शनिवार के बाद रविवार को शहर का साप्ताहिक बाजार लगता है, इस दिन शहरी क्षेत्र में लोगों के अलावा आस-पास के दर्जनों ग्रामों के लोग शहर में बाजार करने आएंगे, जिसके चलते रविवार बाजार दिवस को शहर में चहल-पहल अधिक रहने की संभावना है। इस दिन लगभग सभी लोगों के द्वारा होली पर्व मनाने के लिए रंग-गुलाल, पिचकारी व अन्य सामग्री की खरीदी करेंगे। होली के पर्व सबसे ज्यादा रंगों का बाजार गुलजार हो गया है, इसके अलावा अन्य जरूरत के चीजों की भी खरीदी करने के लिए लोग बाजार पहुंचेंगे। वहीं होली के रंग में रंगने के लिए बाजार में कुछ जगहों पर सस्ते दर पर टी शर्ट, लोवर सहित अन्य तरह के कपडे बिक रहे हैं जो सिर्फ होली खेलने के लिए ही है।



सजा रंगों का बाजार।

### तरह-तरह के पिचकारी मुखौटे बच्चों को लुभा रहे

होली के त्यौहार को लेकर रंगों का बाजार शहर के विभिन्न जगहों पर सज गया है। रंगों के बाजार में तरह-तरह के पिचकारियां भी विक्रय की जा रही है, जिसकी ओर बच्चे ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। रंगों के व्यापारी दीना ने बताया कि उनके यहां 40 रूपए से लेकर 500 रूपए तक की पिचकारियां उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार इस बार रंगों के बाजार में परंपरागत पिचकारियों के अलावा एके 47, रायफल, दो नली बंदूक सहित तरह-तरह के लुभावने पिचकारियां उपलब्ध है। इसके अलावा भोपू, बिग, तरह-तरह के मुखौटे भी बाजार में उपलब्ध है। व्यापारियों के अनुसार होली के कई दिनों पूर्व अधिक खरीदी नहीं होती, होली के एक-दो दिन पहले रंगों के बाजार में जमकर भीड़ रहती है।

### महिला समूहों ने बनाए हर्बल रंग गुलाल

**बैकुण्ठपुर।** होली के त्यौहार पर होली खेलने के लिए बाजार भी रंगीन हो गया है। शहर के कई जगहों पर रंग-गुलाल के दुकान लगाए गए हैं, जहां पर विभिन्न तरह के रंग-गुलाल विक्रय किए जा रहे हैं, इसके अलावा महिला स्व सहायता समूहों की महिलाओं के द्वारा प्राकृतिक रंग गुलाल भी विक्रय के लिए रखे गए हैं, जिस पर लोगों की अधिक नजर है। प्राकृतिक रंग गुलाल त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते, इसके कारण ज्यादातर लोग हर्बल रंग गुलाल की ओर आकर्षित हो रहे हैं, इसके अलावा विभिन्न तरह के रंग-गुलाल बाजार में अलग-अलग रंगों के विक्रय किए जा रहे हैं। सूखे रंग गुलाल के अलावा पानी में घोलने वाले रंग भी विक्रय किए जा रहे हैं। बाजार में आज व कल दो दिनों तक जमकर खरीदी होगी।

22 March -Jash Bhoomi pg2_Layout 1 3/22/2024 7:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' का ट्रेलर जारी, दिखे ब्लैक पैंथर-कैप्टन अमेरिका



अवॉर्ड विनिंग लेखक-निर्देशक एमी हेनिग अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। मार्वल गेम्स ने बीते दिन अपने आगामी कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' पर नए विवरण साझा किए। मार्वल ने नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें फैंस को गेम की एक झलक देखने को मिलती है। यह खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर खेलने योग्य चार नायकों के समूह के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के साहसिक कार्य पर ले जाता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि जैसे ही खेल की कहानी सामने आएगी, खिलाड़ी चार मुख्य किरदारों की भूमिका निभाएंगे। इनमें एक युवा स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका, अज्जुरी, टी'चल्ला के दादा और द्वितीय विश्व युद्ध युग के ब्लैक पैंथर, गेब्रियल जोन्स, एक अमेरिकी सैनिक और हॉलिंग कमांडो के सदस्य, और नानाली, एक वकंदन जासूस जो अधिकृत पेरिस में छिपा हुआ है। 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' में कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर सहित खेलने योग्य किरदारों का एक समूह है। इसे कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम के रूप में वर्णित किया गया है। नई कहानी का ट्रेलर 20 मार्च, 2024 को एपिक गेम्स के स्टेट ऑफ अनरियल मुख्य वक्ता के रूप में सामने आया, जहां स्काईडांस न्यू मीडिया और एपिक गेम्स ने मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा में अत्याधुनिक दृश्य लाने के लिए अपने चल रहे सहयोग की घोषणा की।

### टालीवुड

## 'यह चुनाव का समय है, मुझे सांस लेने में भी डर लगता है' : रजनीकांत



सियासत से मनोरंजन जगत की हस्तियों का ताल्लुक बहुत ही पुराना है, जिन्हें लगता है कि उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन बखूबी किया है। वह आगे चलकर राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। अब देश में जहां एक ओर 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, वहीं चेन्नई में सुपरस्टार रजनीकांत ने मजाक-मजाक में कुछ ऐसा कहा है, जिसे फैंस चुनावी माहौल में सितारों के लिए बड़ी नसीहत मान रहे हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। हाल ही में, रजनीकांत ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक लोकप्रिय अस्पताल की शाखा के उद्घाटन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए थलाइवा ने साझा किया कि वह ज्यादा नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह चुनाव का समय है और उन्हें सांस लेने में भी डर लग रहा है। अभिनेता का कहना है कि चुनाव के माहौल को देखते हुए उन्हें मुंह खोलने से भी डर लग रहा है। रजनीकांत ने कहा, "मैं बिल्कुल भी बोलना नहीं चाहता था, लेकिन मुझसे कुछ शब्द कहने के लिए कहा गया। मैंने पूछा कि क्या कार्यक्रम में कई मीडिया हाउस होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही होंगे। अब इन सभी कैमरों को देखकर मुझे डर लग रहा है। यह चुनाव का समय भी है। मुझे सांस भी लेने में डर लगता है।" अभिनेता की बात सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे थे। अपने भाषण के दौरान रजनीकांत ने कहा, "पहले, जब पूछा जाता था कि कावेरी अस्पताल कहां है, तो लोग कहते थे कि यह कमल हासन के घर के पास है। अब जब पूछा गया कि कमल का घर कहां है तो लोग कहते हैं कि कावेरी अस्पताल के पास है। मीडिया के लोगों से गुजारिश है कि ये सिर्फ सामान्य बातें हैं। यह मत लिखिएगा कि रजनीकांत ने कमल हासन पर कोई तंज किया है।₹ अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'वेट्टैयान' पर भी अपडेट साझा किया और कहा, "फिलहाल शूटिंग शानदार चल रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा पूरी शूटिंग पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

### भोजपुरी

## अश्लील गाने बनाने वालों पर भड़कीं लोक गायिका नेहा सिंह



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर अपने गीतों और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे अक्सर भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में अश्लील गीत गाने वाले गायकों की आलोचना करती हैं और पुराने लोकगीत, भोजपुरी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करती हैं। अक्सर उनके गीत वायरल होते हैं और वे अपने गीतों के माध्यम से राजनेताओं पर भी निशाना साधती रहती हैं। वहीं नेहा सिंह ने एक बार फिर भोजपुरी गीतों को गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भोजपुरी गीतों और भाषा को बचाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी को बचने के लिए उनका आंदोलन तीन से चार साल से चल रहा है, जिसमें वे अकेली संघर्ष कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, 'मैंने तीन-चार साल पहले भोजपुरी बचाओ आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत भोजपुरी को संरक्षित करने के लिए उन गीतों की एक डायरी बना रही हूं, जो 30-40 साल पहले हमारे पूर्वजों ने गाए थे। भोजपुरी को समृद्ध बनाने के लिए मैं साफ-सुथरे गाने लिख रही हूं। आजकल अश्लील भोजपुरी गाने बजते हैं। मैंने इसके खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है।' इसके साथ ही उन्होंने अश्लील गीत गाने वाले गायकों के बारे में बात की। साथ ही यह मुद्दा भी उठाया कि कैसे अश्लील गीत गाने वाले लोग राजनीति और संसद में बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है, जो 'लहंगा उठा देब रिमोट से' और 'फटाफट' जैसे गाने गाकर संसद में बैठे हैं। 'खोल के देखाव'...जब ऐसे गीत गाने वाले लोगों को टिकट दिया जाता है तो लड़ाई, मेरा आंदोलन और मेरे सवाल तीखे हो जाते हैं।' नेहा सिंह राठौर ने आगे कहा, 'बीजेपी ने पवन सिंह को आसनसोल से मैदान में उतारा है, इसलिए मुझे लगता है कि बीजेपी ऐसे गायकों को बढ़ावा दे रही है।

### लाइफ स्टाइल



**किम का जलवा**

अमेरिकी सोशलाइट किम कार्दशियन पिछले हफ्ते पेरिस में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त के बीच नजर आईं। फैंस उनकी एक झलक पाने के बेताब थे। पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में किम यहां महिलाओं के लिए रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए बालेनियागा की डिजाइन को प्रदर्शित करने पहुंची थी।

## त्योहारों में जरूर रखें अपने बालों का ध्यान

जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग खूबसूरत दिखने के तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। स्किन केयर ट्रीटमेंट की वजह से त्वचा पर ग्लो आता है, लेकिन कई बार त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपने बालों का ध्यान रखना तो भूल ही जाते हैं। अगर सही समय पर बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो ये डैमेज होने लगते हैं और इनकी खूबसूरत कम होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए बहुत से लोग तो सैलून जाकर हेयर ट्रीटमेंट भी करा लेते हैं। हेयर केयर ट्रीटमेंट कराने में काफी खर्चा आता है, इसकी वजह से कई लोग घरेलू तरीकों से ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में हैं, जो घर पर ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं, तो इस लेख में हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने बालों का ध्यान रख सकें।



### न भूलें ऑयलिंग करना

त्योहारों की भागदौड़ में भी नियमित रूप से सिर की मालिश करें। इससे आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बालों की ग्रोथ भी सही से होती है।

### जरूर करें स्कैल्प को साफ

अगर आप अपनी स्कैल्प को सही से साफ नहीं करेंगे, तो इससे बाल डैमेज होने लगते हैं। इसी की वजह से हमेशा डैंड्रफ की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में स्कैल्प को सही से साफ रखें।

### कंडिशनिंग है जरूरी

अगर चाहते हैं कि आपके बाल डाइड्रेट रहें तो बाल धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना न भूलें। इससे बाल में नमी बरकरार रहती है।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

इसके लिए जरूरी नहीं कि आप बाजार में बने मास्क का इस्तेमाल करें। आप इसके लिए घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### हेयर ब्रश रखें साफ

जिस ब्रश से आप कंघी करते हों, उसे हमेशा साफ-सुथरा रखें। अगर कंघी गंदी होगी, तो ये बालों को डैमेज कर सकती है। आप बाल कंघी करने के लिए लकड़ी का कंघा इस्तेमाल कर सकती हैं।

## गर्मियों के इस मौसम में बेस्ट है लाइट कलर के ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में कही जाने के दौरान महिलाएं ऐसे आउटफिट की तलाश में रहती हैं जिसमें वो कंफर्टेबल हो। वहीं आउटफिट ऐसा भी होना चाहिए जिसे गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी किया जा सके और इस आउटफिट में वो स्टाइलिश और कूल भी नजर आएं। अगर आप गर्मियों के मौसम में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से परफेक्ट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे आउट्फ़िट्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के मौसम में पहन सकती हैं और इस आउटफिट पर बेहतरीन भी नजर आएंगी।

**चेक लाइन ड्रेस:** स्टाइलिश और कूल आने के लिए आप इस तरह का चेक ए-लाइन वाली लाइट ग्रीन वाइट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस आप जहां गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी कर सकती हैं तो वहीं ये ड्रेस कंफर्टेबल भी है साथ ही इस ड्रेस में आप काफी सुन्दर भी नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप शूज या फिर हील्स पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से मिल जाएंगी। वहीं बाजार से भी आप इस तरह की ड्रेस खरीद सकती हैं।

**फैशन**



**फ्लेयर्ड ऑफस्लीव ब्लू ड्रेस:** वहीं गर्मी में पसीना ज्यादा के आने की वजह हैवी ड्रेस कैरी करना मुश्किल होता हैं। ऐसे में आप कॉलर वाली फ्लेयर्ड ऑफ स्लीव ब्लू ड्रेस चुन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस इस मौसम में पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में सैंडल या फिर हाई हील्स पहन सकती हैं ताकि आप अट्रैक्टिव नजर आएं। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन मिल जाएगी। वहीं ऑफलाइन भी आप इस तरह की ड्रेस को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

**मिडी ड्रेस:** अगर आप कुछ न्यू ट्रेंडिंग ड्रेस की तलाश में हैं तो आप इस तरह की पीच कलर की मिडी ड्रेस भी चुन सकती हैं।

## नई दुल्हन अपने पास जरूर रखें इस तरह के फुटवियर, हर लुक के साथ लगेंगे कमाल

अगर आपकी शादी भी जल्द होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताएंगे, जो हर नई दुल्हन के पास होना बेहद जरूरी होता है। ये सभी फुटवियर ना सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि साथ में ये हर लुक के साथ कमाल के लगते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पल:** शादी के बाद कई तरह की रस्में होती हैं, जिसमें नई दुल्हन को शामिल होना ही पड़ता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी जाना पड़ता है। ऐसे में कोल्हापुरी चप्पल आपके पास जरूर होनी चाहिए। ये काफी आरामदायक होती है। खास बात ये है, कि इसे उतारने के लिए आपको हाथ का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मोजरी:** शादी के बाद अगर आप सूट पहनेंगी तो इसके साथ मोजरी देखने में कमाल की लगेगी। ये काफी आरामदायक भी होती हैं। ऐसे में आप इसे अपने साथ जरूर रखें। खास बात ये है मोजरी ज्यादा महंगी नहीं आती हैं तो आप एक से ज्यादा जोड़ी मोजरी अपने साथ रख सकती हैं।

**पैंसिल हील्स:** बहुत सी लड़कियों को हर आउटफिट में ग्लैमरस दिखना होता है। ऐसे में पैंसिल हील्स इसमें आपकी मदद कर सकती है।




वेस्टर्न के साथ-साथ आप इसे एथनिक के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**स्टिलेटोज:** अगर आपको क्लासी लुक पसंद है, तो इस तरह की स्टिलेटोज अपने कलेक्शन में शामिल जरूर करें। ये साड़ी के अलावा सूट और वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी काफी क्लासी लुक देती है। वेजेस खरीदते वक्त देख लें कि इसमें इलास्टिक ना लगी हो, ताकि इसे पहनने और उतारने के लिए आपको हाथ की जरूरत नहीं पड़े। हील्स वाली वेजेस पहनने में भी काफी आरामदायक होती हैं।

## हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट तो इससे जुड़ी जरूरी बातें समझ लीजिए

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? आप भी कंडीशनर इस्तेमाल करते हुए इन्हीं सारे सवालों के बारे में सोचते हैं तो जवाब हम लेकर आ गए हैं। आइए जानते हैं-



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा। सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं।
इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें।

### कार्नर न्यूज

**होली मनाएं सुरक्षित ढंग से, आनंद हो जाएगा दोगुना**

## होली के दिन गलती से भी न पहनें ऐसे कपड़े, वरना सामने आएगी बड़ी मुसीबत

महाशिवरात्रि के बाद से लोगों के घरों में होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हर साल होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन यानी कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। भारत देश में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत से लोग फूलों से होली खेलते हैं, तो कई लोग अपने-अपने घरों में रंग और गुलाल की होली पार्टी का आयोजन करते हैं। बहुत सी जगहों पर तो पक्के रंग से होली खेली जाती है। इन रंगों को छुड़ाना भी काफी मुश्किल होता है। पक्के रंग से होली खेलते वक्त कपड़ों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि पक्का रंग पानी में घोलकर होली खेली जाती है।



### पुराने कपड़ों से रहें दूर

होली खेलने के लिए अगर आप ज्यादा पुराने कपड़े पहनेंगे, तो हो सकता है कि कमजोर होने की वजह से ये फट जाएं। ऐसे में आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकते हैं। कई बार ज्यादा पुराने कपड़ों की सिलाई भी खुल जाती है। ऐसे में होली खेलने के लिए ज्यादा पुराने कपड़ों से दूरी बनाएं।

### पारदर्शी कपड़े नहीं हैं सही विकल्प

अगर आप होली पार्टी में पारदर्शी कपड़े पहनकर जाएंगे, तो पानी पड़ने के बाद ये शरीर से चिपक जाएंगे। इससे आप खुद असहज महसूस करेंगे। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर ही होली खेलने जाएं।

### महिलाएं न पहनें साड़ी

होली पार्टी में महिलाएं साड़ी पहनकर जाने से दूर ही रहें। ऐसा करने से आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है। पानी पड़ने के बाद साड़ी शरीर से चिपकने लगती है, जिसके बाद आपको काफी परेशानी होगी।

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

होली खेलने जा रहे हैं तो ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। इससे भीगे हुए कपड़े आपके शरीर से चिपके रहेंगे, जिसकी वजह से शरीर पर इंफेक्शन का खतरा मंडराता रहता है।
-





## 'कंगुवा' का टीजर हुआ रिलीज, आमने सामने दिखे सूर्या और बॉबी देओल

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है। दरअसल, 'कंगुवा' का टीजर सामने आ चुका है। बता दें कि 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए टीजर में साफ दिख रही है।

लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर

## पहली वेब सीरीज 'दलदल' का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को आखिरी बार संजय मिश्रा के साथ फिल्म 'भक्षक' में देखा गया था। इसमे उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई थी। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। 'भक्षक' के जरिए भूमि ने ओटीटी की दुनिया में रखा था।

अब भूमि ने अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'दलदल' रखा गया है। इस सीरीज का निर्देशन 'गुल्लक' के निर्देशक अमृत राज गुप्ता करने वाले हैं। भूमि की पहली वेब सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है। इसकी कहानी विश धमीजा की किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित है। 'दलदल' में भूमि नव नियुक्त डीसीपी रीता फरेरा का किरदार निभाती नजर आएंगी। 'दलदल' के बाद भूमि फिल्म 'मेरी पत्नी का रीमेक' में अभिनय करती दिखाई देंगी। बता दें कि 8 सालों के करियर में भूमि की अब तक सिर्फ दो ही फिल्में हिट रही हैं। पहली फिल्म है बाला, जो 2019 में आई थी और दूसरी है पति, पत्नी और वो, जो भी उसी साल रिलीज हुई थी। इसके अलावा अब तक उनकी पांच फिल्में फ्लॉप रहीं। उनकी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में सोनचिरैया, सांड की आंख, बधाई दो, रक्षा बंधन और भीड़ शामिल है। बहरहाल, इन फिल्मों के अलावा भूमि ओटीटी पर गोविंदा नाम मेरा और अफवाह में भी दिख चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला




## किम ने खोली अपनी पोल...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा किया है कि मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें ईऑनलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।




## रूह कंपा देने वाली फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग

**लॉस एंजिलस।** वार्नर ब्रदर्स की साल 2021 की सुपरहिट फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' के सीक्वल ' 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुका है। मॉन्सटर्वर्स की इस फिल्म का दर्शकों को इंतजार था। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग की कहानी दिखाई गई है। बता दें कि कोरोना महामारी के बाद रिलीज हुई 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला था। फिल्म में हॉलीवुड स्टार एलेक्जेंडर स्कार्सगार्ड, रेबेका हाल, शन ओगुरी, ब्रयान टायरी हेनरी ने स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग के साथ अहम किरदार निभाया था। बता दें कि इससे पूर्व वार्नर ब्रदर्स ने आधिकारिक तौर 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' की अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर रिलीज किया था जिसमें भयानक रूह कंपा देने वाला मंजर दिखाई दे रहा था।



## समीर वानखेड़े ने किया मानहानि का केस

**मुंबई।** सोशल मीडिया स्टार और एक्ट्रेस राखी सावंत अक्सर विवादों में रहती हैं। अब एक बार फिर वो मुश्किल में घिरती नज़र आ रही हैं। मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने राखी सावंत पर 11 लाख रुपए का मानहानि का केस ठोक दिया है। राखी के अलावा वकील काशिफ अली खान पर भी उन्होंने केस किया है। उन्होंने कहा है कि काशिफ अली खान ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जानबूझकर झूठ बोला और जो बयान दिया वो आधारहीन थे। याचिका में काशिफ के बयान का ज़िक्र है, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि समीर वानखेड़े मीडिया को लेकर ऑबसेस्ड हैं और सेलिब्रिटीज़ को टारगेट करते हैं। उन्होंने ये भी दावा है कि काशिफ अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाइंट इंस्टाग्राम पर भी उसी तरह के कंटेंट को पोस्ट किया।



## मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। गाने के साथ कुणाल खेमू ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल खेमू द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



## मानिनी डे ने दालचीनी में जीता बेस्ट विलेन का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** यह अभिनेत्री मनिनी डे के लिए जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने हाल ही में आयोजित दंगल अवाड्र्स में अपने शो दालचीनी के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायिका का खिताब जीता है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें अपनी सफलता का जश्न मनाना पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे कभी अपने सिर पर हावी नहीं होने दिया। मैं हर जीत का जश्न भगवान को धन्यवाद कहकर मनाता हूं। मैं पार्टी करना चाहती हूं, लेकिन अभी तक मुझे ऐसा करने का कोई अवसर नहीं मिला है। एक और चीज जो मैं सुनिश्चित करती हूं वह है खुद से एक वादा कि मैं इसे कभी भी अपने सिर पर हावी नहीं होने दूंगी। मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा यह याद रखना सिखाया है कि सफलता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। असफलता एक ऐसी चीज़ है जिससे आपका सिर नीचा नहीं होना चाहिए तो मैं उसी के अनुसार जीती हूँ। मैं बहुत आभारी हूं, मैं खुश हूं, मैं उत्साहित हूं और मैंने अपने लिए मानक और भी ऊंचा स्थापित किया है।भगवान के प्रति ईमानदार, जब मैं काम करती हूं, तो मैं इस उम्मीद के साथ काम नहीं करती कि मुझे कोई पुरस्कार मिलेगा।

## अरबाज खान को भाता है फिल्म निर्माण बोले- अभिनय ना भी करूं तो कोई बात नहीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता अरबाज खान इस समय अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता ने जहां 'दबंग 4' की रिलीज का वादा किया है, वहीं वह तकरीबन 4 साल बाद 'पटना शुक्ला' से बतौर निर्माता वापसी करने वाले हैं। ऐसे में हाल में अरबाज ने इतने वर्षों तक कैमरे से दूर रहने और किसी भी फिल्म का निर्माण ना करने को लेकर अपने विचार साझा किए। अरबाज ने कहा कि अगर मैं अभिनय नहीं कर रहा होता हूं तो यह मेरे लिए कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। मेरे लिए अभिनय ना करना कोई बड़ा त्याग नहीं है। एक फिल्म की शूटिंग में लगभग 45 दिन लगते हैं, मैं अपने शेड्यूल से इतना समय निकाल सकता हूं। अरबाज के निर्देशन में बनी पटना शुक्ला फिल्म में रवीना टंडन मुख्य भूमिका में होंगी। रवीना के साथ इसमें सतीश कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और अनुष्का कौशिक हैं। विवेक बुडाकोटी निर्देशित 'पटना शुक्ला' डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म 29 मार्च से स्ट्रीम होगी।



## आदित्य की एक्शन फिल्म के हीरो बनेंगे रणवीर सिंह?



मुंबई। रणवीर सिंह को आखिरी बार फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था। अब अभिनेता निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। अभिनेता इन दिनों इसी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि रणवीर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाल रहे हैं। अब आदित्य ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि रणवीर और आदित्य पिछले 3 हफ्तों में 4 से 5 बार मिल चुके हैं। अगर रणवीर और आदित्य साथ आते हैं तो इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 की शुरुआत में शुरू होगी। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रणवीर का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। 'सिंघम अगेन' के बाद रणवीर, फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'डॉन 3' 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 1978 में 'डॉन' फ्रैंचाइजी के मूल संस्करण में अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में थे। 2006 में जावेद के बेटे फरहान अख्तर ने 'डॉन' का रीमेक बनाया और शाहरुख खान फिल्म के हीरो बने, जो 'डॉन 2' में भी थे।

## मेरे मेहबूब मेरे सनम बनी बेड न्यूज, दर्शकों को गुदगुदाएगी विक्की, तृप्ति और एमी की तिकड़ी

**मुंबई।** विक्की कौशल ने फिल्म निर्माता करण जौहर उनके साथ आने वाली फिल्म के बारे में अनाउंस कर दिया है। विक्की ने अपने प्रशंसकों को तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ एक नए प्रोजेक्ट के बारे में बताया। फिल्म का नाम है 'बेड न्यूज' नाम की यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म का मोशन पोस्टर और रिलीज डेट जारी किया गया। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'मेरे मेहबूब मेरे सनम' था। बेड न्यूज में विक्की कौशल,तृप्ति डिमरी और एमी पहली बार एक साथ नजर आएंगे। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नेहा धूपिया नजर आएंगी। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामे के लिए तैयार हो जाइए, हंसाने वाली कई घटनाएं... एक कॉमेडी फिल्म जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है आपका इंतजार कर रही है!! #सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024 को बैडन्यूज़!



### फैंस को टीजर का बेसब्री से इंतजार

अनाउंसमेंट करने से पहले विक्की कौशल ने तृप्ति और एम्मी के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर कर पूछा था कि आप पहले कौन सी न्यूज सुनना चाहेंगे, गुड या बैड, जवाब में एमी ने गुड कहा था तो वहीं तृप्ति ने बैड कहा था। फैंस को एक्टर्स का ये प्रमोशनल तरीका भी काफी अच्छा लगा था। फैंस को अब बेसब्री से फिल्म के टीजर का इंतजार है।

## रणबीर कपूर की 'रामायण' के लिए करना होगा लंबा इंतजार, इस साल नहीं शुरू होगी शूटिंग




**मुंबई।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से चर्चा में है। खासकर फिल्म 'आदिपुरुष' से मिली निराशा के बाद लोगों की नजरें इस फिल्म पर है। फिल्म के कलाकारों को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं। चर्चा है कि फिल्म में रणबीर कपूर राम बनेंगे और कन्नड़ सुपरस्टार यश, रावण की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। नई खबर के मुताबिक फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने के आसार दिख रहे हैं।

### 'रामायण' में ये सितारे भी निभाएंगे अहम किरदार

*'रामायण' में भगवान राम बने रणबीर की जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है, जो माता सीता का किरदार निभाएंगी। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। उधर, कैकई के किरदार के लिए लारा दत्ता से बातचीत चल रही है और सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह भी फिल्म से जुड़ गई हैं। अभिनेत्री शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी।*

### अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

*'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं, वहीं फिल्म का निर्माण मधु मंटेना, नमित मल्होत्रा और अल्लू अरविंद मिलकर कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की ताजा खबर के मुताबिक, मधु और नमित के बीच अनबन चल रही है। यही वजह है कि 'रामायण' में देरी हो रही है। सूत्र ने कहा, "टीम के अंदर बहुत सारे आंतरिक मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है।" फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू नहीं होगी।*

## 'लव एंड वॉर': आलिया भट्ट के साथ काम करने को उत्साहित विक्की कौशल

**मुंबई।** विक्की कौशल को आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। अब विक्की, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ फिल्म 'बैड न्यूड' में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' भी हैं, जिसे लेकर अभिनेता काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब विक्की ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### आलिया और रणबीर अपनी कला में माहिर हैं : विक्की

विक्की हाल ही में नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर नेहा' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने बताया कि वह फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। विक्की ने कहा, /"मुझे लगता है कि आलिया-रणबीर अपनी कला में माहिर है और यह अवसर पाना मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं सच में बहुत खुश हूं। मैं उन दोनों के साथ एक ही सेट पर रहने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

### विक्की की झोली में हैं ये फिल्में

विक्की ने आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म के निर्देशन के कमान आनंद तिवारी ने संभाली है तो वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। विक्की इन दिनों अपनी फिल्म एक्शन फिल्म 'छावा' में व्यस्त हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप



### आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षक भर्ती कैम्पस का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में महाविद्यालय के तत्वाधान में शिक्षक भर्ती कैम्पस का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के भूतपूर्व एवं वर्तमान सत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं का कई विद्यालय ने साक्षात्कार कर शिक्षक के लिए चयन किया। शिक्षक कैम्पस में एकेडमिक हाईट पब्लिक स्कूल, खालसा हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट पैट्रिक एकेडमी, सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल, झगराखाण्ड़ यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, देल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, लिटिल मलेनियम प्ले स्कूल, ग्लोबल प्राइड स्कूल बैकुंठपुर, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के द्वारा छात्र एवं छात्रों का साक्षात्कार शिक्षक पद के लिए चयन किया। महाविद्यालय में शिक्षक कैम्पस के आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नीतू सिंह, सहायक प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, शिवकुमार कौशिक, अंकिता कश्यप, संकेत शर्मा, पिंकी राव, अनुपमा बनर्जी एवं निरंजन केवट सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को शिक्षक कैम्पस में अधिक से अधिक छात्रों को एक प्लेटफार्म मिला, जिससे वे एक शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बना कर समाज में बच्चों के भविष्य बनाने का सराहनीय कार्य में अपना योगदान दे सकते हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्टेट बैंक शाखा में लोगों को दिलाई गई शपथ



**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास और जिला स्वीप नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश नंदनी साहू के निर्देशन एवं जिला स्वीप सहायक नोडल जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में लोक सभा निर्वाचन में शत - प्रतिशत मतदान कराने हेतु स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मेन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैंक में आए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार कर, मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान करने हेतु, बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान विकासखंड परियोजना अधिकारी जयराम प्रसाद, सुदर्शन दास, अजय देवांगन एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक जादवेन्द्र कम्प, सहायक प्रबंधक शालिनी दत्ता, स्वाति हेमब्रम, गार्ड जगदीश केरकेट्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

### त्यौहारों से पहले खाद्य एवं औषधि विभाग ने लिया मिठाइयों का सैम्पल



**राजपुर।** होली पर्व को देखते हुए जिले के होटलों में बिक रहे अमानक स्तर की मिठाइयों की बिक्री पर पाबंदी लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षक नितेश मिश्रा द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्थित होटलों में होली त्यौहार को देखते हुए मैदा, गुड, पनीर, मिठाई का नमूना लिया गया। साथ ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के द्वारा विकासखंड वाड्रफनगर में त्रिलोकी यादव के होटल से लड्डू का जांच करने पर अमानक पाया गया तथा रामानुजगंज के एक होटल से पनीर, खोवा का नमूना लिया गया है। इसी प्रकार बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी के होटलों में भी छापा मार कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 52 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ लघु वेतन कर्मचारी संघ ने की जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ आज नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. डीएन मिश्रा से प्रदेश संगठन सचिव,जिलाध्यक्ष शम्भू प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से लंबित प्रकरण पर ध्यानाकर्षण कराते हुए बताया कि 2017 के बाद आज तक स्कूल शिक्षा विभाग टी संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल सका है और अन्य लंबित प्रकरण पर ध्यानाकर्षण कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संघ को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान श्रीमती रिंकी मंडल, सुनीता कुशवाहा, राजू रवि, लालमोहन कश्यप, श्रीमती आयशा बेगम, मुकेश कुमार दास, सुजीत कुमार कश्यप, राकेश कुमार सिंह, नंदू सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छोटे बच्चों में फैंसी पिचकारी की भारी मांग

# सड़क किनारे सज गई रंग-गुलाल की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली को लेकर इस बार रंग-गुलाल के व्यवसाइयों में भारी उत्साह है। लम्बे अंतराल के बाद इस बार रंग गुलाल सहित अन्य सामग्रियों का जमकर कारोबार हुआ है। होलसेल में रंग गुलाल चार दिन पूर्व ही खत्म हो गया है तथा अभी भी खुदरा व्यवसायी रंग-गुलाल की मांग कर रहे हैं। होली के पूर्व 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं खत्म होने के कारण इस बार रंग-गुलाल के व्यवसाई काफी उत्साहित हैं।

**खास बात**

- बोर्ड परीक्षाएं खत्म होने के कारण व्यवसाइयों में उत्साह, थोक बाजार में 4 दिन पूर्व खत्म हुआ रंग-गुलाल

व्यवसाइयों का कहना है कि होली के दौरान बच्चों की परीक्षाएं होने का प्रभाव रंग-गुलाल के कारोबार पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। परीक्षा की तैयारियों में व्यस्त होने के कारण बच्चे होली नहीं खेलते। परिवार के सदस्य भी बच्चों का ध्यान परीक्षा के प्रति केन्द्रित रखने के उद्देश्य से औपचारिक रूप से होली मनाते हैं। इस बार होली पूर्व 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने एवं प्रायमरी से लेकर 11वीं तक की वार्षिक परीक्षाएं अप्रैल महीने में आयोजित होने के कारण इस बार रंग-गुलाल सहित अन्य सभी सामग्रियों की बिक्री अच्छी होने की उम्मीद है। मांग को देखते हुए खुदरा व्यवसायी जमकर खरीदी कर रहे हैं। स्थिति यह है कि चार दिन पूर्व ही थोक बाजार में रंग-गुलाल का स्टॉक खत्म हो गया है। होली में कम समय होने के कारण रायपुर एवं दिल्ली के व्यवसायी भी अब रंग-गुलाल की मांग पूरी करने से हाल खड़ा कर रहे हैं। इस बार गुलाल की मांग में काफी वृद्धि हुई है वहीं रंगों की बिक्री में कमी आई है। कम दाम की चायनीज पिचकारी से लेकर महंगी फैंसी पिचकारी, मुखौटा आदि का जमकर कारोबार हुआ है। रंग-गुलाल की खुदरा दुकाने भी जगह-जगह सज गई हैं। बुधवार तक मौसम खराब होने एवं लगातार बारिश होने के कारण अभी खुदरा कारोबार जोर नहीं पकड़ा है। व्यवसायी शुक्रवार से ग्राहक बढ़ने की उम्मीद व्यक्त कर रहे हैं।



सड़क किनारे रंग-गुलाल बेचते व्यवसायी।

**सूखी होली में रूचि**

पिछले सालों से सूखी होली के प्रति लोगों की रूचि लगातार बढ़ रही है तथा लोग अलग-अलग रंगों का गुलाल खरीद रहे है। पीले-हरे एंव गुलाबी रंग के गुलाल की मांग अधिक है। गुलाल की मांग बढ़ने के कारण रंगों की मांग कम हुई है। इस बार 70 फिसदी गुलाल एवं 30 फीसदी रंगों का व्यवसाय हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुलाल की मांग बढ़ी है लेकिन रंगों की मांग में भी खास कमी नहीं आई है। इसके विपरीत शहरी क्षेत्र में गुलाल की मांग में गुणात्मक वृद्धि हुई है तथा रंगों की मांग में काफी कमी आई है।

**हर्बल गुलाल पर जोर**

रसायनिक रंगों एवं गुलाल को लेकर लोग काफी सावधानी बरत रहे हैं। प्रशासन भी लगातार विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक कर रहा है। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के फलों एवं फूलों से विभिन्न रंगों का हर्बल गुलाल तैयार किया है। समूह की महिलाएं अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल का व्यवसाय कर रही हैं। शरीर के लिए अनुकूल होने के कारण लोग भी हर्बल गुलाल को पसंद कर रहे हैं। अपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण एवं सुरक्षा कारणों से मुखौटे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक भी कर रही है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति मुखौटे लगाने से बचे। इस संबंध में अभिभावक बच्चों को भी प्रेरित करें।



## अवसर के प्रति हमेशा सजग रहना जरूरी : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा गुरूवार को पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, कुल सचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी के आतिथ्य एवं कुलपति प्रो.अशोक सिंह की अध्यक्षता में विवि शिक्षण विभाग का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि जीवन में किसी भी कार्य को करने के लिए संघर्ष और कड़ी मेहनत आवश्यक है। विवि अतिशीघ्र अपने नवीन परिसर अकादमिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करेगा। जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। हमें पूरी हमें पूरी ईमानदारी और नई ऊर्जा के साथ संस्था के विकास के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने डिटरमेनेशन, डेडीकेशन, डिसीपलीन के बारे में बताया तथा कहा कि सपने वे नही होते जो सोते वक्त दिखते है बल्कि सपने वे होते है जो आपको सोने नहीं देते। पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण कर कड़ी मेहनत करने से सफलता मिलती है। विद्यार्थियों को हमेंशा अवसर के प्रति सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने जीवन की सफलताओं के बारे में बताया। कुल सचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। समारोह फार्म एवं फरेस्ट्री विभाग की आयुषी एवं संतोषी के स्वागत नेतृत्व से प्रारम्भ हुआ। अन्य विभाग की छात्राओं ने लोकनृत्य, नाटक, रिमिक्स नृत्य, सोलो नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। अंत में अतिथियों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित विविध प्रतियोगिता के विजेताओं एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए आयुषी सिन्हा, अनिल कुमार लकड़ा, संतराम मरावी, उर्मिला राजवाड़े, अंकित सिंह, शिवांगी भगत, अमरावती, रामविलास, अनमोल बारी, प्रज्जवल राव, अश्विन बड़ा, इभा किण्डो, निर्भय पाण्डेय, प्रताप कुशवाहा, आकृति को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ.अमृता, डॉ.सुषमा, डॉ.मनोज, डॉ.धीरज, डॉ.अर्नब, डॉ.जयत्सु, समन नारायण, मुकेश नाम, आनंद कुमार, आशिम केरकेट्टा, अभय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

- विवि शिक्षण विभाग में मना वार्षिकोत्सव, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

## संगम चौक के समीप गंभीर हालत में मिले व्यक्ति की मौत

**अम्बिकापुर।** संगम चौक के समीप सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़े व्यक्ति की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजन नहीं होने पर शव को शिनाख्त के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस कर्मियों ने बताया कि बुधवार को 11 बजे संगम चौक के समीप सड़क किनारे 35 वर्षीय व्यक्ति गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। सूचना पर संजीवनी 108 से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ के दौरान मरीज ने अपना नाम चमरू राम तथा शहर में भिक्षाटन करने की बात बताई। इसी बीच देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टरों से जब मरीज की मौत के संबंध में पूछा तो चिकित्सकों ने मरीज के निमोनिया तथा लीवर की बीमारी से मौत होने की बात बताई।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

चचेरा भाई से साथ सामान पहुंचाने जा रहे बाइक सवार सेमरा के समीप दुर्घटना गस्त पिकअप से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मकनपुर निवासी मुरारी लाल आ. स्व. सुगुन (32 वर्ष) बुधवार की शाम चचेरा भाई पवन के साथ बाइक से सामान पहुंचाने ग्राम टोनी जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सेमरा के समीप पहुंचे तभी एक दिन पूर्व ट्रक व पिकअप में हुई भिड़ंत से क्षतिग्रस्त हालत में सड़क पर खड़े पिकअप से टकरा गए। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल मुरारी की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को रायपुर लेकर जा रहे थे तभी उसकी तबीयत खराब हो गई जिससे परिजन उसे पुनः मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नवपदस्थ सीएमएचओ ने ली स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक

**बलरामपुर।** जिले के नवपदस्थ सीएमएचओ डॉ. बसंत कुमार सिंह ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, पीएचसी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएमएचओ डॉ. सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में रह कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनीमिया, कुष्ठ, टीबी, और मलेरिया मुक्त जिला बनाने के लिए सभी विकासखण्ड स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जिला स्तर पर एनीमिया के संबंध में डीपीएम बैठक आयोजित करें।सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी विकासखण्ड प्रमुखों को निर्देशित किया की जिला से प्रदान समस्त आईईसी का प्रदर्शन स्वास्थ्य केंद्रों में करें। बैठक में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, एच.आर.पी. एवं पीएम.एस.एम.ए. का समीक्षा कर सभी गर्भवती माताओं का प्रसव पूर्व 04 ऐ.एन.सी. जांच कराने डॉ बसंत कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का ने जिले को एनीमिया मुक्त जिला बनाने के दिशा में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए वाड्रफनगर और कुसमी विकासखण्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिये। जिला कुष्ट अधिकारी डॉ. सुबोध सिंह ने बताया कि जिले में 15 मार्च से 21 मार्च तक सघन कुष्ठ खोज अभियान भी चलाया जा रहा है।



## पोषण पखवाड़ा के तहत पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई लोगों को जानकारी

**सोनगरा।** भटगांव स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में यूनिसेफ़ वी द पीपल फाउंडेशन, रेहाना फाउंडेशन और महिला बाल विकास के सयुंक्त तत्वाधान मे पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण कार्यशाला में बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पोषण से संबंधित जानकारी तथा वीडियो और स्लाइड दिखा कर पोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के सवालों का जवाब दिया गया ।यूनिसेफ़ से जिला सलाहकार प्रथमेश मानेकर द्वारा एनीमिया के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई और विस्तार से बताया गया की किस कारण से एनीमिया होता है और उससे बचने के क्या क्या उपाय किए जा सकते है। रेहाना फाउंडेशन के अफ़रोज़ खान द्वारा बच्चों को वोकल फॉर लोकल के बारे में जानकारी दी गई और पैकेज फूड से बचने और घर का बना पौष्टिक खाना खाने की सलाह दी। साथ ही मुनगा भाजी का भरपूर उपयोग करने की बात बताई गई। आईसीडीएस विभाग से सुपरवाइजर तंद्रा चौधरी द्वारा बच्चों को तिरंगा भोजन, विटामिन, और आयरन युक्त सुपोषित आहार के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य पीआर तोमर, प्रधान पाठक सुखलाल गुप्ता, शिक्षक पंकज राय, केजीबी पाण्डेय, श्रीमती राजकुमारी मेहता, पूनम सिंह, सुमन साहू, विना सिंह पोरते,वर्षा उइके, संतोष गुप्ता सहित अन्य शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।



## बच्चों से अच्छा व्यवहार नहीं करने पर व्याख्याता निलंबित

**बलरामपुर।** शासकीय उमावि जिगड़ी के व्याख्यता (एलबी) संतोष तिवारी को स्कूल के बच्चों के प्रति उचित व्यवहार नहीं करने पर आयुक्त सरगुजा संभाग द्वारा निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक बुधराम द्वारा डीईओ को आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके पुत्र के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिगड़ी के व्याख्यता (एलबी) संतोष तिवारी द्वारा मारपीट की गई। उक्त आवेदन के संबंध में डीईओ द्वारा बीईओ राजपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच में शिक्षक श्री तिवारी द्वारा अध्ययनरत छात्र नानसाय के साथ कक्षा में अध्यापन के दौरान नोट कॉपी नहीं लाने पर शारीरिक रूप से दण्ड के रूप में झापड़ मारने तथा कक्षा से बाहर निकालने की शिकायत प्रथम दृष्टिया पुष्टि हुई है। श्री तिवारी का उक्त कृत्य बच्चों के प्रति सम्यक व्यवहार नहीं किये जाने की श्रेणी में आता है। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरित है। उक्त कृत्य के लिए संभागायुक्त जीआर चरेन्द्र द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग अंबिकापुर किया गया है।

## थाना व चौकी प्रभारी लंबित मामलों की लगातार करें समीक्षा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एमआर आहिरे ने अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, निर्विग्न, निष्पक्ष व शांतीपूर्वक चुनाव कराने, थानों के कार्यो, लंबित अपराध व शिकायतों की समीक्षा करने आज जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली।उन्होंने लोक सभा चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के नाकाबंदी प्वाईट तथा इंटर स्टेट बार्डर चेक प्वाईट पर 24 घंटे कड़े निगरानी रखकर पूर्ण सजगता के साथ आने-जाने वाले सभी वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जाए। गिरफ्तारी व स्थाई वारंटी तामीली के लिए विशेष अभियान चलाए,। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में बढ़ोत्तरी करते हुए अनिवार्य रूप से बाउण्ड ओव्हर की कार्रवाई कराए। उन्होंने एफएसटी टीम के बारे में पूरी जानकारी रखने एवं टीम से निरंतर सम्पर्क रहने के निर्देश दिए।



## 100 दिनों में रचे सफलता व विश्वास के कीर्तिमान : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रदेश भाजपा सरकार के सौ दिन पूरे होने पर राजपुर अग्रसेन भवन में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, जिला महामंत्री संजय वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशुन सिंह, जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के 100 दिन पूर्व होने पर सरकार के उपलब्धियां को बताया है। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने बताया कि विष्णुदेव साय की सरकार ने मात्र सौ दिनों में ही सफलता और विश्वास के इतने कीर्तिमान रचे हैं जितना पूरे पांच वर्ष में भी कांग्रेस की सरकार नहीं कर पायी। साय सरकार के ये सौ दिन छत्तीसगढ़ में विश्वास की पुनर्बहाली, सुशासन के पुनरोदय के रहे हैं। कांग्रेस ने अपने कृत्यों से, जनता के साथ किए वादाखिलाफी से भरोसे का जो संकट पैदा किया था भाजपा सरकार ने उस संकट को दूर किया है। जनता में फिर से सरकार के प्रति भरोसा बहाल हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटियां दी थी मात्र बारह हफ्ते के रिकॉर्ड समय में उनमें से अधिकांश बड़ी गारंटियां पूरी कर ली गयी है। हमने पहली केबिनेट में ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के जन्मदिन सुशासन दिवस के अवसर पर 3716 करोड़ रुपए किसानों को दिया है। महतारी वंदन योजना में प्रदेश की मातृशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए 70 लाख से अधिक महिलाओं को 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में लगभग 655 करोड़ रुपए सीधे उनके खातों में अंतरित कर दी गई है। उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान है। एकल बत्ती कनेक्शन धारी परिवारों को 30 यूनिट खपत तक निःशुल्क बिजली प्रदान करने के लिए 540 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इस अवसर में मनोज बंसल, संतोष पांडेय, अनिल तिवारी व उपस्थित थे।

- गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां



## पर्यटन स्थल केनापारा में बांस से निर्मित चारों कॉटेज ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लाखों रुपए की लागत से पर्यटन स्थल में तैयार किए गए बांस से निर्मित सभी गोल आकार कॉटेज ध्वस्त हो गई हैं। प्रशासनिक उदासीनता की वजह से करोड़ों रुपए खर्च करके विकसित किया गया पर्यटन स्थल केनापारा देख भाल के अभाव में जर्जर स्थिति में पहुँच गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे ग्राम पंचायत जयनगर व केनापारा के मध्य स्थित एसईसीएल के बंद पड़ी क्वारी को करीब पांच वर्ष पूर्व सी एस आर मद से कई करोड़ रुपए खर्च कर पर्यटन स्थल के रूप में जिला प्रशासन द्वारा शासन के मंशानुरूप विकसित कराया गया था। यहां पर लाखों रुपए की लागत से पर्यटकों के बैठने हेतु बांस से तैयार कराया गया चारों गोल आकार झोपड़ी पिछले दिनों तेज आंधी की चपेट में आने से पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। इन सभी कॉटेज को विशेष रूप से डिज़ाइन देने सरगुजा संभाग के बाहर से बांस के कारीगर बुलाये गये थे, इन कॉटेज के भीतर सभी प्रकार की रिहायशी जरुरत की चीजें कर्मशः सोफा, पलंग, ए सी भी लगवाई गई थी, साथ ही कॉटेज के साथ बाथरूम भी संलग्न था, ये चारों कॉटेज पर्यटन स्थल केनापारा का मुख्य आकर्षण की चीजों में से एक थे जो भी अब ध्वस्त हो चुके हैं।

